Nai Dunia (Indore), 22nd January 2020, *Nai Dunia Live*, Page-21

# नए ज्ञान से रूबरू होने बच्चों ने किया आईआईटी का भ्रमण

**जानकारी**

- खरगोन के 100 स्कूली विद्यार्थियों व 5 शिक्षकों ने देखा संस्थान
- एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान की टीम ने किया था यह आयोजन

इंदौर (नईदुनिया रिपोर्टर)। नए ज्ञान से स्कूली विद्यार्थियों को रूबरू कराने के लिए राजकीय देवी अहिल्या एक्सीलेंस हायर सेकंडरी स्कूल खरगोन के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने मंगलवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) इंदौर का भ्रमण किया। यह भ्रमण 'राष्ट्रीय आविष्कार अभियान' के अंतर्गत विद्यालयीन ज्ञान को बाहर की दुनिया से जोड़ने के लिए, गणित एवं विज्ञान की पढ़ाई को मनोरंजक बनाने के लिए, नवोन्मेषी एवं प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित इस भ्रमण में स्कूल के लगभग 100 विद्यार्थी और पांच शिक्षक शामिल थे।

भ्रमण का आयोजन डॉ. नीरज कुमार शुक्ला एवं संस्थान की 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान की टीम ने किया। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भौतिकी, रसायन, जैव विज्ञान, प्रौद्योगिकी की प्रयोगशालाओं, वर्कशॉप को देखा और संस्थान के गणित विभाग के प्राध्यापक डॉ. आशीष कुमार द्वारा दिए गए व्याख्यान को सुना।